कांगथली में फैक्ट्री पर छापा, 21.25 क्विंटल नकली पनीर करवाया नष्ट

गांव कांगथली में पिछले लंबे समय से लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करते आ रहे नकली पनीर, घी व दूध बनाने वाली सिंगला ट्रेडर्स फैक्ट्री पर आज एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके पर मिले पनीर की जांच की तो वह खाने में सही नहीं पाया गया। टीम ने मौके पर ही 21.25 क्विंटल पनीर जब्त किया और उसका सैंपले लेकर उसे मौके पर ही गड्ढा खोदकर नष्ट करवा दिया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि दूध या दूध से बनी चीजें खरीदते समय उसकी जांच कर लेनी चाहिए। यदि सही नहीं है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देनी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल ने कहा कि कांगथली में सिंगला ट्रेडर्स फैक्ट्री में दूध, घी, पनीर आदि खाद्य सामान का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा फैक्ट्री से एक सैंपल पनीर का, एक घी का तथा दो सैंपल दूध के लिए गए हैं। लिए गए सैंपलों को जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा गया। उन्होंने बताया कि सैंपल खाद्य सुरक्षा मानक पर सही नहीं पाए गए तो संबंधित फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कांगथली में पहले भी बड़े स्तर नकली घी, पनीर व दूध बनाने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ माह पहले सीएम फ्लाइंग की टीम भी कांगथली रेड कर चुकी है, लेकिन नकली घी, पनीर व दूध बनाने का धंधा नहीं रुक रहा है।

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/haryana/raid-on-factory-in-kangthali-21-25-quintal-fake-cheese-destroyed/